an>

Title: Need to provide sewerage and drainage system in Kanpur Nagar and Kanpur Dehat in Akbarpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh under Jawahar Lal Nehru National Urban Renewal Mission.

श्री देवेन्द्र सिंह भोले (अकबरपुर): मेरे निर्वाचन क्षेत्र अकबरपुर (उ0प्र0) में कानपुर व कानपुर देहात को जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन के तहत अभी तक किसी भी योजना की स्वीकृति नहीं मिली है। कानपुर नगर और देहात की आबादी को देखते हुए यहाँ पर अभी तक सीवरेज का कार्य नहीं हुआ है जिससे गंदा पानी नालियों में भरा रहता है साथ ही गंदे पानी की निकासी न होने से पानी खुले स्थानों पर ठहरा व भरा हुआ रहता है जिससे यहाँ पर मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और अनेक प्रकार की बीमारियाँ हो रही हैं। शहर के गंदे पानी की निकासी के लिए ड्रेनेज हेतु भी कोई व्यवस्था नहीं होने से कानपुर देहात व शहर के निवासियों ने अपने घरों के भीतर एवं बाहर भूमिगत सोख्ता गंदे पानी के लिए बना रखा है जिससे शहर का भूमिगत जल भी दूषित हो रहा है। शहरी क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति भी भूमिगत जल के द्वारा की जाती है और इस दूषित जल के पीने से शहर के ड्रेनेज की कोई सही व्यवस्था न होने से शहर का पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है जिससे कानपुर व कानपुर देहात के नागरिकों का जीवन नारकीय हो गया है। लोगों में किडनी व अन्य प्रकार की बीमारियाँ यहाँ के लोगों को हो रही हैं।

अतः मेरा माननीय शहरी विकास मंत्री जी से आग्रह है कि वह कानपुर शहर व देहात हेतु जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन के तहत सीवरेज व ड्रेनेज सिस्टम के प्रस्ताव प्रदेश की स्टेयरिंग कमेटी से मँगाकर जल्द स्वीकृति प्रदान की जाए जिससे कानपुर शहर व देहात में ड्रेनेज सिस्टम के कार्यों को शीघ्र किया जा सके। कानपुर शहर व देहात के इन दोनों कार्यों के होने से नागरिकों को नारकीय जीवन एवं प्रदूषित हो रहे पर्यावरण से बचाया जा सकेगा।